an>

Title: Regarding fencing of agricultural land around forests to protect crops from menace of wild animals.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : अध्यक्ष महोदया, आज देश में जंगलों का काफी एरिया है। बहुत से किसानों की खेती जंगलों के आस-पास होती है। जंगलों से जंगली जानवर आकर उनके खेतों में भ्रमण करते हैं। जब उनके खेतों में फसल उगते हैं तो जंगली जानवर खेतों में घुसकर, उन्हें खा जाते हैं एवं पूरे खेत को तबाह कर देते हैं, जिससे किसानों पर बड़ा अन्याय हो रहा है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि जंगल को तार से फैंसिंग करें या किसान भाइयों को सब्सिडी के रूप में मदद दें या उन्हें आर्थिक मदद दें, जिससे हमारे किसानों को लाभ हो सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा को श्री कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।